# कृषि मंत्री के आवास के आसपास सुरक्षा हुई सख्त

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 13 दिसंबर. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 74 बंगले स्थित आवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के बाद अब वहां पर तैनात पुलिस जवान और चौकस नजर आ रहे हैं. आवास के आसपास बैरिकैडिंग भी की गयी है.**

सूत्रों का कहना है कि चौहान की सुरक्षा के संबंध में केंद्रीय खुफिया ब्यूरो से हाल ही में जानकारियां मिली हैं. इस संबंध में यहां समीक्षा के बाद चौहान के आवास की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी गयी है. चौहान के दौरे के समय भी उनकी सुरक्षा में तैनात जवानों और अधिकारियों से और अधिक सतर्क रहने के लिए कहा गया है. केंद्रीय मंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप शनिवार को आसपास के जिलों की यात्रा पर रहे.




केंद्रीय मंत्री और उनके आवास की सुरक्षा बढ़ाने के संबंध में शनिवार को अनेक कयास लगाए जाने लगे, लेकिन चौहान के नजदीकी सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का इन कयासों से कोई वास्ता नहीं है. ये कयास भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति और देश के कुछ हिस्सों में चल रहे किसान आंदोलन से संबंधित हैं. सूत्रों ने स्पष्ट तौर पर दोहराया कि सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का कारण केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से प्राप्त इनपुट ही हैं.

**आवास के आसपास बैरिकैडिंग की गई**

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के दौरे जारी रहे**

**सुरक्षा बढ़ाने के संबंध में दिनभर लगते रहे कयास**



## आयुक्त जनसंपर्क ने सीएम को दीं शुभकामनाएं

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री निवास में भेंट की और सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# हवाई अड्डे पर कोहरे के प्रबंधन का पूर्वाभ्यास

## अतिरिक्त खाद्य और पेय पदार्थों के स्टाक किए आरक्षित

**भोपाल, 13 दिसंबर. राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को कोहरे के प्रबंधन का व्यापक पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें हवाई अड्डे के सभी प्रमुख हितधारक शामिल रहे. इसका उद्देश्य शीत ऋतु के दौरान संभावित कम दृश्यता की स्थिति से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना रहा.**

इस अभ्यास का लक्ष्य कोहरे के कारण होने वाली देरी, रद्द होने या मार्ग परिवर्तन की स्थिति में उड़ान संचालन और यात्रियों की सुविधा का सुरक्षित, कुशल और




समन्वित संचालन सुनिश्चित करना रहा. पूर्वाभ्यास में वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी), संचार, नेविगेशन और निगरानी (सीएनएस), हवाई अड्डा संचालन, इंजीनियरिंग, हवाई अड्डा बचाव और अग्निशमन (एआरएफएफ) सेवाएं, सीआईएसएफ, एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियां, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), ईंधन भरने वाली एजेंसियां, टर्मिनल प्रबंधन टीमें और हवाई अड्डे के रियायतकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया. तैयारी अभ्यास के दौरान कोहरे से संबंधित मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की समीक्षा की गई और अंतर-एजेंसी समन्वय तंत्रों का परीक्षण किया. यात्री संचार और टर्मिनल की तैयारी से संबंधित कुछ छोटी कमियों की पहचान की गई और तत्काल सुधारात्मक उपायों के माध्यम से उन्हें दूर किया गया.

यात्री सुविधा बढ़ाने के तहत, सुरक्षा प्रतीक्षा क्षेत्र के भीतर बोर्डिंग गेट नंबर 5 के पास एक निर्दिष्ट क्षेत्र को लंबी देरी के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त खाद्य और पेय पदार्थों के स्टाक के लिए आरक्षित किया. इसके अलावा, व्यवधान की अवधि के दौरान जमीनी परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय टैक्सी ऑपरेटरों और कैब एग्रीगेटरों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है. यह उल्लेखनीय है कि भोपाल हवाई अड्डा अब कैट-II क्षमता के साथ पूरी तरह से चालू हो गया है.

## 9 करोड़ 2 लाख से अधिक की छूट की प्रदान

**भोपाल.** नेशनल लोक अदालत में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल एवं ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में विद्युत संबंधी 14 हजार 328 प्रकरणों का निराकरण किया गया. विद्युत उपभोक्ताओं को 9 करोड़ 2 लाख, 5 हजार रूपए की छूट प्रदान की गई. कुल 17 करोड़ 47 लाख 65 हजार रुपये का राजस्व कंपनी के खाते में जमा कराया. लोक अदालत में लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 8 हजार 149 मामलों में 14 करोड़ 80 लाख 15 हजार की मांग के एवज में 5 करोड़ 23 लाख, 56 हजार रुपये की छूट प्रदान की गई.

# क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**भोपाल, 13 दिसंबर. क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए ओजी गांजा तस्करी का भंडाफोड़ किया है.**

गांजे की अवैध तस्करी में करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. इस मौके पर पुलिस ने एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन जब्त किया है. क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली थी कि मीनाक्षी प्लानेट सिटी कॉलोनी कटारा हिल्स इलाके में एक युवक ओ.जी. गांजा बेंचने की फिराक में है.







श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद मेधावी बच्चों को

फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण

आवेदन करें

मो. 7772991010 इस WhatsApp No.

या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में

पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल


## एक नजर में

### ऊर्जा हानियों का स्तर कम किया जाए : प्रबंध संचालक

**भोपाल.** ऊर्जा हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है. ऊर्जा ने विभिन्न रूपों में हमारी जीवन-शैली में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है. इन विभिन्न रूपों में बिजली ऊर्जा का वह प्रकार है, जो सबको सुगमता से हर कहीं उपलब्ध और सुलभ है. उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए जारी किया है. यह संदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत दिया. उन्होंने कहा कि ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों को भी बिजली के रूप में बदलकर उसका उपयोग प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि जैसी मूलभूत आवशकताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार एवं पर्यटन जैसे सुख-साधन में भी किया जा रहा है.

### चाकू से हमला करने वाले आरोपी फरार

**भोपाल.** ईटखेड़ी थाना इलाके में एक परिवार पर हमले के आरोपियों को वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस पकड़ नहीं पाई है. आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस ने कई बार दाबिश दी हैं, सुराग नहीं मिला है. हमले में घायल युवक का इलाज जारी है. पीड़ित दानिश, उसकी पत्नी और बहन पर करीब 6 बदमाशों ने जानलेवा हमला किया था. यह हमला उस दौरान हुआ, जब दानिश का परिवार के साथ देर रात को एक शादी कार्यक्रम से लौट रहा था.

## युवक की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** कमला नगर थाना पुलिस ने एक युवक की डंडे से मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने मामूली विवाद के बाद शराब के नशे में युवक पर डंडे बरसाए थे. हमले में घायल हुए युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक टेंट हाउस के दो कर्मचारियों में 9 दिसंबर को विवाद हो गया था. मृतक 36 वर्षीय कैलाश यादव चालक के तौर पर वहां नौकरी करता था.

# 20 दिसंबर को मिलेगी मेट्रो की सौगात

## मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री खट्टर रहेंगे मौजूद

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 13 दिसंबर. शहरवासियों को मेट्रो की सौगात 20 दिसंबर से मिलने जा रही है.**

20 दिसंबर की शाम मेट्रो का शुभारंभ किया जाएगा. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुभारंभ मौके पर सुभाष नगर मेट्रो डिपो से एम्स तक सफर करेंगे. एम्स स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री यादव मेट्रो की सौगात से संबंधित जानकारियां साझा करेंगे. शुभारंभ कार्यक्रम मिंटो हॉल में आयोजित किया जाएगा. भोपाल में सुभाष नगर डिपो, एमपी नगर में बने डीबी स्टेशन, प्रगति, रानी कमलापति, डीआरएम और एम्स स्टेशनों के बीच मेट्रो शुरूआती समय में चलने जा रही है. इन स्टेशनों पर लगातार मेट्रो का ट्रायल रन पूरा भी कर लिया गया है. इसके बाद शहर के अन्य हिस्सों में बन रहे स्टेशनों के निर्माण का कार्य पूरा होने पर मेट्रो शहर के सभी हिस्सों में दौड़ेगी.




# लोक अदालत में पूर्व प्रकरणों का हुआ निराकरण

## राजीनामा के आधार पर 3959 लंबित प्रकरणों का किया निराकरण

**भोपाल, 13 दिसम्बर. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय भोपाल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ.**

लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की. इस मौके पर कुल निराकृत प्रकरणों की संख्या 21295, लंबित टेकन अप प्रकरणों की कुल संख्या 4108, निराकृत लंबित प्रकरणों की कुल संख्या 3959, प्री-लिटिगेशन टेकन अप प्रकरणों की कुल संख्या 17445, निराकृत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की कुल संख्या 17336, चेक बाउंस से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 580, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 483, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की संख्या 690, पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 131 एवं अन्य प्रकरणों की संख्या 3179 रही.




उभयपक्ष का विवाह दिनांक 25.02.2019 को हुआ था, विवाह के पश्चात कुछ समय अच्छे से रहने के उपरांत पति पत्नी के मध्य परस्पर जीवन यापन की व्यवहारिक समस्यों और विचारधारा को लेकर विवाद होने पर पत्नी अपने माता पिता के घर पर विगत एक वर्ष पूर्व चली गई. पति द्वारा पत्नी को वापस लाने का प्रयास किया गया परन्तु विफल रहा.

**नेशनल लोक अदालत** ▶ जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग में आपसी समझौते

# आपसी समझौते के दौरान 2 करोड़ अवार्ड राशि की प्राप्त

**भोपाल, 13 दिसंबर. जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. लोगों के आपसी समझौते के दौरान करीब 2 करोड़ अवार्ड राशि प्राप्त की गई.**

आयोग के अध्यक्ष योगेदत्त शुक्ल की उपस्थिति में लिस्टेड केस कुल 65, 100 आईडेंटी फाइड़ केस 100, सेटल्ड 22 केस का निपटारा किया गया. इस दौरान दौरान अवार्ड पास सेटल्ड केस से मूल प्रकरण के मामलों में एक करोड़ 82 लाख 40 हजार 250 राशि और वसूली संबंधित केस 2 लाख 63 हजार 847 राशि प्राप्त की गई. दोनों प्रकरणों में कुल एक करोड़ 85 लाख 4 हजार 97 राशि प्राप्त हुई. इस मौके पर उपभोक्ता विवादों (जैसे बैंकिंग, बीमा, बिजली, टेलीफोन आदि से जुड़े) का आपसी समझौते से निपटारा किया गया. कार्यवाही के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की तरफ से राजनामें भी पेश किए गए. एक मामले में फरियादी पक्ष के अधिवक्ता मोहन चौकसे और दूसरे पक्ष के अधिवक्ता अनुराग माहेश्वरी की तरफ से अपने क्लाइंटों के समझौते की अर्जी पेश की गई. दोनों पक्षों की तरफ से राजीनामा आवेदन प्रस्तुत करते हुए: प्रकरण आगे न चलाने की अपील की गई.

समझौता अनुसार, विपक्षी द्वारा उक्त तीनों प्रकरण में पॉलिसी में पक्षकारों के मध्य 1,79,20,000/-रू (एक करोड़ उन्यासी लाख बीस हजार रू) में समझौता हो गया है. प्राप्त राशि तीनों पॉलिसी के नॉमिनी प्रदीप कुमार भोयर को फुल एंड फाइनल स्टेटमेंट के रूप में आदेश के 5 दिन के भीतर खाते में भुगतान की जायेगी.




दोनों पक्षों की तरफ से समझौता स्वेच्छापूर्वक किया जाना व्यक्त किया गया और प्रकरण पूर्ण संतुष्टि में समाप्त करने की अपील की गई. लोक अदालत में एक और मामले में दोनों पक्षों की तरफ से कुल 2,21,847/- राशि प्राप्त हुई. दोनों पक्ष के मध्य समझौता हो जाने से प्रकरण आगे न चलाने की अपील की गई. समझौता अनुसार, विपक्षी द्वारा परिवादी को 2,21,847/-रू का डिमांड ड्राफ्ट दे दिया गया, जिसे परिवादी द्वारा प्राप्त करना व्यक्त किया गया और प्रकरण पूर्ण संतुष्टि में समाप्त करने की अपील की गई.


नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिर्पोटर (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**उपसंपादक (पद-2)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का डेस्क कार्य अनुभव भाषा, व्याकरण एवं अनुवाद का ज्ञान खबरों के संपादन में दक्षता पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**मार्केटिंग एक्जक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, मार्केटिंग क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार के प्रसार विभाग में कार्य अनुभव की प्राथमिकता, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2)**
योग्यता - कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव की प्राथमिकता

: संपर्क करें :

**स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल**

8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com